सड़क सुरक्षा, एक दिन में पांच हजार पशुओं को लगाई रेडियम

■ पशुओं के रात्रिकालीन विचरण से सड़क दुर्घटनाओं को कम करने की कवायद

बीकानेर, (कासं)। निराश्रित पशुओं के सड़कों पर रात्रिकालीन विचरण से सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को कम करने व गौवंश सुरक्षा की सकारात्मक पहल के तहत शुक्रवार से जिले में इन पशुओं को रिफ्लेक्टर बेल्ट लगाने का विशेष अभियान प्रारंभ किया गया।

सात दिवसीय अभियान के पहले दिन जिले में पांच हजार से अधिक पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट बांधकर सड़क सुरक्षा की दिशा में अहम कदम उठाया। जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर निगम के सहयोग से महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग 62 पर आयोजित किया गया। जहां 500 से अधिक निराश्रित पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट लगाये गए। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने इस अभियान की शुरूआत की।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर, नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष, सीईओ जिला परिषद सोहनलाल, उपायुक्त यशपाल आहूजा सहित अन्य जिला अधिकारियों ने सड़क से गुजरते पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट बांधकर अभियान की शुरूआत की।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि निराश्रित पशुओं के रात्रिकाल में अचानक सड़क पर आ जाने के कारण सड़क दुर्घटनाओं संख्या में बढ़ोतरी देखी गई है। इसे देखते हुए यह विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है, जिसे मिशन मोड पर अगले 7 दिन तक चलाया जायेगा। जिला कलेक्टर ने बताया कि सभी ब्लॉक स्तर पर भी इस अभियान के तहत सड़क पर आने वाले पशुओं के गले में रिफ्लेक्टर टेप या रेडियम बेल्ट लगाये गए हैं। इस कार्य में विभिन्न विभागों के समन्वय के साथ-साथ जिला परिषद का विशेष सहयोग लिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य राजमार्गों तथा अधिक यातायात वाली सड़कों के किनारे स्थित गांवों में इस अभियान के तहत विशेष फोकस किया गया है। जिसमे पहले दिन ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 4500 से अधिक बेल्ट लगवाए गए। उन्होंने आमजन से इस अभियान में भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि पालतू पशुओं को घरों से बाहर ना निकालें। साथ ही अपने आसपास के निराश्रित पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट लगवाएं। इस कार्य में स्थानीय प्रशासन का सहयोग रहेगा।

भागवत कथा का समापन

नोखा, (कासं)। नोखा के वार्ड नंबर 41 के संचेती खेड़ी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का समापन हुआ।

इस सात दिवसीय कथा के समापन समारोह में व्यास पीठ पर विराजमान मुकेश महाराज ने भागवत की महिमा का बखान करते हुए कहा कि संसार में भागवत से बड़ा कोई ग्रंथ नहीं बना है। यह ग्रंथ हमें घर, परिवार, और समाज में कैसे रहना चाहिए, इसकी शिक्षा देता है। जो भी व्यक्ति इसे ग्रहण करता है उसका संसार की मोह-माया से पीछा छूट जाता है।

समापन समारोह में पार्षद जेठूसिंह राजपुरोहित ने सनातन धर्म में गाय की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों और देवताओं ने हजारों साल पूर्व गाय को माता का दर्जा दिया था, जो आज भी घर-घर में पूजी जाती है। उन्होंने माताओं से आग्रह किया कि वे अपनी नवजात संतान को दो वर्ष की आयु तक गाय का दूध पिलाएं, जिससे संतान में जीव दया, परिवार, और समाज के प्रति सद्गुणों का विकास होगा। साथ ही वह सभी प्रकार के रोगों से मुक्त रहेगा और सनातन संस्कृति के गुण उसमें उत्पन्न होंगे।

इस अवसर पर सर्प मित्र जगदीश पारीक ने बताया कि वे 25 वर्षों से सर्पों को पकड़ने में सहयोग कर रहे हैं। अब तक 1500 से अधिक जहरीले सांपों को पकड़कर उन्हें सुरक्षित स्थानों पर छोड़ चुके हैं। उन्होंने जीव संरक्षण को सबका धर्म बताया।

पी.बी.एम. का बजट बिगड़ा, सरकार से 19 करोड़ मांगे

■ मुख्यमंत्री चिरंजीवी (अब आयुष्मान आरोग्य) योजना में तीन साल में 86 करोड़ रूपए अधिक खर्च कर दिए

बीकानेर, (कासं) संभाग के सबसे बड़े पीबीएम हॉस्पिटल ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी (अब आयुष्मान आरोग्य) योजना में तीन साल में 86 करोड़ रूपए अधिक खर्च कर दिए। इसका हिसाब भी है, लेकिन मुख्यमंत्री निरोगी राजस्थान में खर्च हुए पैसों के हिसाब-किताब कोई सिस्टम नहीं बनाया गया है। इससे पीबीएम का बजट गड़बड़ा गया है। इसके लिए राज्य सरकार से 19 करोड़ रूपए मांगे हैं।

मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना (अब आयुष्मान आरोग्य) में पीबीएम हॉस्पिटल प्रशासन ने पिछले चार सालों में 201.04 करोड़ खर्च कर दिए। जबकि क्लेम 114.97 करोड़ मिला है। यानी 86.07 करोड़ अधिक खर्च हुए। वहीं दूसरी तरफ मुख्यमंत्री निरोगी राजस्थान योजना के तहत 1 लाख 41 हजार 428 मरीजों को निशुल्क उपचार का लाभ इन नौ महीने में मिला है। इससे पहले भी लाखों मरीजों का उपचार इस योजना में हो चुका है लेकिन इस पर खर्च का अलग से कोई हिसाब-किताब नहीं है। सरकार से इस योजना में अलग से कोई बजट नहीं मिलता। विभिन्न मदों से बजट से काम चलाया जा रहा था। अब अस्पताल का बजट गड़बड़ा गया है। इसका रास्ता निकालते हुए मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में मिलने वाले क्लेम से निरोगी राजस्थान के खर्च को एडजस्ट किया जा रहा है। इसमें उन मरीजों का उपचार हो रहा है, जो किसी अन्य योजना में नहीं आ रहे और जरूरतमंद हैं।

चिंता की बात ये है कि साल 2025 में पीबीएम हॉस्पिटल को निरोगी राजस्थान योजना चलाना महंगा पड़ेगा। क्योंकि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में खर्चा अधिक और क्लेम कम होता रहा है। मरीज अच्छी सुविधाओं के कारण प्राइवेट हॉस्पिटल में डायवर्ट होने लगे हैं। कैंसर मरीजों के लिए चार-चार लाख के इंजेक्शन तक निरोगी योजना में खरीदने पड़ रहे हैं। पर महंगी जांचें बाहर से हो रही हैं। इससे अब मोटा पैसा प्राइवेट सेक्टर में पास जा रहा है।

आचार्य तुलसी रीजनल कैंसर ट्रीटमेंट एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट देश का 13वां और प्रदेश का पहला सरकारी इंस्टीट्यूट है। इसके नाम से ही यहां राजस्थान के अलावा हरियाणा और पंजाब से भी मरीज आते हैं। पिछले सालों तक ओपीडी 400-500 को होता था, जो अब करीब 350 का हो गया है। प्राइवेट सेक्टर में इलाज की सुविधा विकसित होने के कारण 100-150 मरीज डायवर्ट हो रहे हैं। कैंसर विशेषज्ञों को घर दिखाकर इलाज प्राइवेट हॉस्पिटल में करवा रहे हैं। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में रजिस्टर्ड होने से पेट स्कैन पीबीएम से ज्यादा प्राइवेट में होने लगे हैं।

सरकार से प्रति मरीज 14 हजार क्लेम मिलता है। हालांकि प्राइवेट में पेट स्कैन योजना में कवर हो जाती है। जबकि कीमो थेरैपी, रेडियोथैरेपी, गामा की जांच के मरीज को पैसे देने पड़ते हैं। जबकि कैंसर हॉस्पिटल में सभी जांच निशुल्क है। कैंसर सेंटर में गामा कैमरा कंडम हो चुका है। गामा से बोन स्कैन, डीटीपीए सहित करीब 22 तरह की जांच होती है। इसे आउट सोर्स तो कर दिया पर मंजूरी नहीं दी। मरीजों को मजबूरी में बाहर करानी पड़ती है। राजस्थान मेडिकल सर्विस कोऑपरेशन लिमिटेड ने 50 हजार से अधिक की दवाओं की खरीद के लिए ट्यूमर बोर्ड बना रखा है।

कैंसर सेंटर ने इसकी लिमिट अब पांच हजार कर दी है। कैसर हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ. नीति शर्मा का कहना है कि आउट ऑफ स्टेट मरीजों की जांच से पहले 65 हजार रूपए तक ही राजस्व आ रहा था। इस साल यह आंकड़ा चार लाख तक पहुंचा है।

सीएचए व सीएचओ को बोनस अंक देने पर मांगा जवाब

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने कोविड के समय संविदा पर दो साल से भी कम काम करने वाले कोविड हैल्थ वर्कर व कोविड हैल्थ ऑफिसर को कार्य अनुभव के 15 बोनस अंक देने पर प्रमुख चिकित्सा सचिव, स्वास्थ्य निदेशक और स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर के निदेशक से जवाब मांगा है।

जस्टिस महेन्द्र गोयल ने यह आदेश लोकेश कुमार व अन्य की याचिका पर दिए। याचिका में अधिवक्ता प्रदीप कुमार ने बताया कि राज्य सरकार ने 25 अप्रैल, 2023 को अधिसूचना जारी कर कोविड में दो साल से कम काम करने वालों को 15 बोनस अंक देने का प्रावधान किया। याचिका में कहा गया कि यह प्रावधान गलत है, क्योंकि इससे तो कोविड में एक दिन काम करने वाला अभ्यर्थी भी बोनस अंक का पात्र हो जाएगा। जबकि सीएचए व सीएचओ का काम नर्सिंग के समान नहीं है। सीएचए व सीएचओ को बोनस अंक देने से याचिकाकर्ता नर्सिंग ऑफिसर भर्ती-2023 की अस्थाई वरीयता सूची से बाहर हो गए हैं, जबकि वे पिछले 7-8 साल से नियमित तौर पर नर्सिंग का काम कर रहे हैं। उन्हें बोनस अंक देने से याचिकाकर्ताओं के हित भी प्रभावित हो रहे हैं।

शहीद मेजर भूपेन्द्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण

■ सेना के जवानों ने दी सलामी, शहीद की पत्नी और पुत्रियों ने किया प्रतिमा का लोकार्पण

■ शहीद की पत्नी अविनाश कौर ने प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित किया, उनकी बेटी निम्रत कौर फिल्म अभिनेत्री और दूसरी पुत्री रूबीना कौर ने चौक का लोकार्पण किया

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के गांव मोहनपुरा में 25 अक्टूबर 1952 को पैदा हुए शौर्य चक्र विजेता शहीद मेजर भूपेन्द्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण शुक्रवार को शहर के पी ब्लॉक डिग्गी स्थित शहीद मेजर भूपेन्द्र सिंह चौक पर हुआ। यहां गुरूवार दोपहर से ही सैन्य अधिकारियों और सेना के वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई थी।

शुक्रवार सुबह तक सेना ने पूरा चौक सजा दिया था। मुख्य चौक पर फूलों से सजावट की गई। वहीं परिसर में अतिथियों, स्कूल स्टूडेंट्स और सैन्य अधिकारियों के बैठने के लिए विशेष प्रबंध किए गए। शहीद मेजर भूपेन्द्र सिंह की पत्नी अविनाश कौर, पुत्री निम्रत कौर और दूसरी पुत्री रूबीना कौर ने चौक का लोकार्पण किया।

शहीद की पत्नी अविनाश कौर ने प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित किया। निम्रत कौर फिल्म अभिनेत्री भी हैं। उन्होंने कहा कि उनके पिता गांव मोहनपुरा के रहने वाले थे। उनके जन्म स्थल पर उनकी प्रतिमा स्थापित होना उनके लिए बेहद गर्व का विषय है।

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर डॉ. मंजू, एडीएम रीना छींपा, नगर परिषद आयुक्त राकेश अरोड़ा, नगर परिषद सभापति गगनदीप कौर, पूर्व सभापति करुणा चांडक, पार्षद चेष्ठा सरदाना सहित कई लोग मौजूद थे। शहीद मेजर भूपेंद्रसिंह के गांव मोहनपुरा के ग्रामीणों ने भी शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सेना की ओर से शहीद को सलामी दी गई।

श्रीगंगानगर निवासी मेजर भूपेंद्र सिंह को 1994 में जम्मू कश्मीर के वैरीनाग में तैनात किया गया। उन्हें खन्नाबल पहलगाम रोड पर पुलों के निर्माण का काम सौंपा गया था। जम्मू कश्मीर में काम के दौरान 17 जनवरी 1994 को आतंकी संगठन ने उनका अपहरण कर हत्या कर दी थी। कार्यक्रम के दौरान सुबह करीब सवा दस बजे शहीद भूपेंद्र सिंह चौक पहुंचे विधायक जयदीप बिहाणी नाराज हो गए। कार्यक्रम समय सुबह दस बजे शुरू होना था लेकिन कार्यक्रम निर्धारित समय तक यह शुरू नहीं हुआ। ऐसे में विधायक बिहाणी नाराज होकर लौट गए। उनका कहना था कि कार्यक्रम अब तक शुरू नहीं होने की सूचना नगर परिषद आयुक्त को उन्हें देनी चाहिए थी लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।

राजस्थानी भाषा समारोह कल

बीकानेर, (कासं)। रोटरी क्लब बीकानेर की ओर से राज्य स्तरीय राजस्थानी भाषा समारोह रविवार को प्रातः 11 बजे रोटरी भवन, सादुलगंज में आयोजित किया जायेगा। समारोह में प्रदेश के राजस्थानी साहित्यकारों को विक्रि पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे।

रोटरी क्लब के अध्यक्ष सुनील सारड़ा ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत होंगे। समारोह की अध्यक्षता बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानन्द व्यास करेंगे व प्रान्तपाल, रोटरी प्रान्त 3053 रोटे. राहुल श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि होंगे। संयोजक अरुण प्रकाश गुप्ता व मनमोहन कल्याणी ने बताया कि समारोह के दौरान वर्ष 2024 का कला डूंगर कल्याणी राजस्थानी शिखर पुरस्कार बीकानेर के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मदन केवलिया को, खींवराज मुन्नीलाल सोनी को राजस्थानी गद्य पुरस्कार, नोहर के साहित्यकार पूर्ण शर्मा को बृज उर्मी अग्रवाल, राजस्थानी पद्य पुरस्कार, भीलवाड़ा के साहित्यकार कैलाश मण्डेला को दिया जायेगा।

उर्वरकों के अवैध भंडारण पर अनुज्ञा पत्र निलम्बित

हनुमानगढ़, (कासं)। कृषि विभाग उर्वरकों की कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है।

जिले में संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) योगेश कुमार वर्मा के निर्देशन में लगातार औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। वर्मा ने बताया कि मैसर्स पवन कुमार, विष्णु कुमार पुरानी धानमंडी संगरिया के परिसर का उर्वरक निरीक्षकों के साथ निरीक्षण किया। यहां यूरिया का अवैध भंडारण पाया गया। दो गोदामों में लगभग 8 से 10 हजार बैग पाए गए जो कि फर्म के लाईसेंस में सम्मिलित नहीं थे। यहां विभिन्न तरह की अनियमितताएं भी पाई गई। इस आधार पर उर्वरक निरीक्षक ने फर्म के उर्वरक अनुज्ञा पत्र संख्या एनईडब्लयू 613 को निलंबन करने के लिए अनुशंषा की।

इसके आधार पर तत्काल प्रभाव से आगामी आदेशों तक अनुज्ञा पत्र निलंबित किया गया है। वर्मा ने कहा कि बाहरी देशों से डीएपी देश में नहीं आ रहा है। राज्य सरकार ने इस अंदेशे को ध्यान रखते हुए अवैध भंडारण पर कार्यवाही शुरू कराने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री ने भी वीसी से उर्वरक वितरण प्रबंधन करने और जमाखोरी पर कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए। इसलिए अवैध भंडारण नहीं किया जाए।

संयुक्त निदेशक ने बताया कि जिले में डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके, एसएसपी की पर्याप्त उपलब्धता की गई है। सहायक निदेशक कार्यालय स्तर पर कंट्रोल रूम बनाए गए हैं।

जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए टीमें प्रतिदिन 20-25 निरीक्षण कर रही हैं। अनियमितताएं पाए जाने पर सेल स्टॉप, कारण बताओ नोटिस एवं लाईसेंस निलम्बित जैसी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। प्रत्येक मंडी स्तर पर भी प्रभारी अधिकारी मय टीम लगाये गए है। उनकी देखरेख में ही उर्वरकों का वितरण कराया जा रहा है।

पानी की टंकी से लगाई छलांग

श्रीगंगानगर। शहर के डी ब्लॉक में वकीलों वाली डिग्गी केनजदीक पार्क में बने पानी के ओवरहेड टैंक से शाम एक व्यक्ति ने अचानक नीचे छलांग लगा दी। नीचेगिरते हुए वह पहले बिजली के तार से टकराया। उसे गंभीरहालत में जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इसव्यक्ति की अभी तक पहचान नहीं हुई है।

डॉक्टरों केअनुसार उसकी हालत काफी नाजुक होने पर उसे बीकानेररेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार घटना शाम करीब 4:30 बजे कीहै। लगभग 45 वर्षीय यह व्यक्ति पार्क में स्थित पानी के काफी ऊंचे ओवरहेड टैंक पर चढ़ गया। टैंक की रैलिंग पर चढ़कर उसने नीचे छलांग लगा दी। लोगों ने काफीआवाज लगाई, लेकिन उस पर कोई असर नहीं हुआ।

दिव्यांग के एक वर्ग को आरक्षण का लाभ नहीं देने पर मांगा जवाब

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने फार्मासिस्ट भर्ती-2023 में एक हाथ और एक पांव वाले दिव्यांग अभ्यर्थी को आरक्षण का लाभ नहीं देने पर केन्द्र सरकार, प्रमुख चिकित्सा सचिव और सिफू निदेशक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। इसके साथ ही अदालत ने भर्ती की नियुक्तियों को याचिका के निर्णय के अधीन रखा है। सीएम एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश पंकज कुमार खियानी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता हरेन्द्र नील ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने 5 मई, 2023 को फार्मासिस्ट के 2859 पदों पर भर्ती निकाली। जिसमें दिव्यांगों को चार फीसदी आरक्षण देते हुए 111 पद आरक्षित रखे गए। वहीं यह शर्त लगाई गई कि केन्द्र सरकार की ओर से 4 नवंबर, 2021 को जारी गजट नोटिफिकेशन में दर्शाये दिव्यांग वर्ग को ही इसका लाभ मिलेगा। याचिका में कहा गया कि वह एक हाथ और एक पांव से दिव्यांग है, लेकिन केन्द्र सरकार के नोटिफिकेशन में इस वर्ग के दिव्यांगों को फार्मासिस्ट भर्ती में आरक्षण का लाभ नहीं दिया गया है। जबकि होम्योपैथी में फार्मासिस्ट कम क्लर्क के पदों पर दिव्यांग के इस वर्ग को आरक्षण का लाभ दिया गया है और उनका काम भी सामान्य फार्मासिस्ट के समान ही होता है। इसके अलावा नोटिफिकेशन में पदोन्नित से भरे जाने वाले चीफ फार्मासिस्ट पद के लिए भी इस वर्ग को आरक्षण का लाभ दिया गया है। याचिका में केन्द्र सरकार के इस नोटिफिकेशन को चुनौती देते हुए कहा गया कि यह नोटिफिकेशन समानता के अधिकार की अवहेलना करता है। एक समान लोगों पर अलग-अलग नियम लागू नहीं किया जा सकते हैं। वहीं एक पांव और एक हाथ से दिव्यांग व्यक्ति फार्मासिस्ट का काम आसानी से कर सकता है।

जनता विकास के लिए प्रतिबद्ध भाजपा सरकार के साथ : भजनलाल शर्मा

■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खींवसर, संलुबर और चौरासी विधानसभा उपचुनाव में जनसभा को संबोधित किया

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज खींवसर, संलुबर और चौरासी विधानसभा उप चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ ने खींवसर से भाजपा प्रत्याशी रेवंतराम डांगा, संलुबर से शांति देवी मीणा और चौरासी से कारीलाल ननोमा के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया और क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा के प्रत्याशी को भारी बहुमत के साथ विजय दिलाकर विधानसभा में भेजने का आव्हान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में विकास के कार्य करवाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजन करने का कार्य किया है। भाजपा सरकार खनिज बाहुल्य क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए राइजिंग राजस्थान के तहत अकेले संलुबर विधानसभा क्षेत्र में 250 करोड़ के 6 एमओयू साइन किए गए है। भाजपा सरकार की प्राथमिकता क्षेत्र का विकास करना है।

वहीं दूसरी ओर महिलाओं के उत्पीडन, गुंडागर्दी और अपराध पर लगाम लगाने का भी कार्य किया जा रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि लोकतंत्र में जनता जनार्दन सर्वोपरि है, इस जनता जनार्दन को कुछ लोग बहलाकर विधायक या सांसद बन गए लेकिन पद पाने के बाद इन लोगों ने इस जनता जनार्दन को ही भूला दिया। अब समय आ गया है कि इन लोगों को वापस खास से आम बना दिया जाए।

'फिट रहने की दिलाई शपथ, दिनचर्या में दौड़ को शामिल करें'

अनूपगढ़, (कासं)। शुक्रवार को जिला परिषद की ओर से 'फिट इंडिया फ्रीडम रन' के तहत मैराथन का आयोजन किया गया।

इस मैराथन को एडीएम अशोक सांगवा और नगर परिषद की सभापति प्रियंका बैलान ने हरी झंडी दिखाकर शहीद उधम सिंह चौक से रवाना किया। मैराथन को शुरू करने से पहले एडीएम ने सभी को फिट रहने के लिए भी शपथ दिलवाई। यह मैराथन अनूपगढ़ शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों से होते हुए डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम स्टेडियम पहुंची जहां इसका समापन किया गया।

मैराथन में पहले तीनों स्थान घडसाना ब्लॉ के धावकों ने जीते। पहले तीनों स्थानों पर रहने वाले धावकों को जिला प्रशासन की ओर से ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में एडीएम अशोक सांगवा सभी से अपील की है कि फिट रहने के लिए अपने नियमित दिनचर्या में दौड़ को शामिल जरूर करें।

मैराथन के समापन पर एडीएम ने बताया-हमें फिट रहने के लिए प्रतिदिन व्यायाम करने चाहिए और सुबह उठकर दौड़ लगाना चाहिए। उन्होंने बताया कि अगर हम फिट रहेंगे तो हमारा देश भी फिट रहेगा। एसीईओ राजेंद्र जोगिया ने फिट इंडिया फ्रीडम रन कार्यक्रम अनूपगढ़ जिले में लगातार जारी रखा जायेगा ताकि आमजन अपने आप को फिट रखने के लिए सक्रिय रहे।

जिला परिषद की एसीईओ राजेंद्र जोइ्न्या ने बताया कि स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की थीम पर आयोजित होने वाली फिट इंडिया फ्रीडम रन मैराथन में स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों, खिलाड़ियों, विभिन्न विभागों के सरकारी कर्मचारियों, महिलाओं, सामाजिक संगठनों, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाएं, व्यापारी, स्थानीय नागरिक, एनसीसी, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्काउट्स अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई है।

जिला परिषद एसीईओ ने बताया कि यह मैराथन जिला स्तर पर आयोजित की गई है इस मैराथन में घडसाना ब्लॉक के धावकों ने बाजी मारी है। अजय कुमार ने पहला स्थान,दूसरा स्थान सुशील कुमार और तीसरा स्थान जितेश कुमार ने प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि प्रथम तीन स्थानों पर रहने वाले धावकों को जिला प्रशासन ट्रॉफी देकर सम्मानित करेगा।

नशा छोड़ने का लिया संकल्प

हनुमानगढ़, (कासं)। मानस अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पीलीबंगा में आज कैम्प आयोजित किया गया, जिसमें राजकीय जिला चिकित्सालय हनुमानगढ़ से डॉ. ओपी सोलंकी वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ एवं जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम ने अपनी सेवाएं दी।

इस दौरान एसडीएम अमिता बिश्नोई, बीसीएमओ डॉ. मनोज अरोड़ा बीपीओ राकेश जोशी ने कैम्प का निरीक्षण किया। एसडीएम अमिता बिश्नोई ने गत माह कैम्प में पारिवारिक काउंसलिंग किए गए मोटिवेटेड पेशेंट को दूरभाष पर बातचीत कर कैंप में बुलाया। कैंप में कुल 70 मरीज़ आए जिसमें 12 नशा ग्रस्त मरीज़ आए। जिनमें 3 मरीजों के पारिवारिक सदस्यों ने काउंसलिंग करवाई एवं रोगी ने नशा छोड़ने का संकल्प लिया।